आज समाज
यमुनानगर, रविवार, 29 जनवरी 2023



# सढौरा आईटीआई को मिला प्रथम स्थान



प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार अपने स्टाफ के साथ।

**साढौरा।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति उप-मण्डल स्तर पर प्रोग्राम का आयोजन राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बिलासपुर के प्रांगण में जसपाल सिहं गिल, उप-मण्डल अधिकारी, बिलासपुर की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल व कॉलजों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम दिखाया गया व उसके पश्चात विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की विशेषताओं व झलकियों को दिखाने के लिए झांकियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस झांकी प्रतियोगिता में राजकीय आईटीआई, सढ़ौरा द्वारा भी भाग लिया गया और संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने-अपने व्यवसाय की स्वयं तैयार की गई झांकी का प्रस्तुतीकरण किया गया और यह झांकी पूर्ण रूप से लाईव प्रैक्टिकल सहित प्रदर्शित की गई। अतः इस उत्कृष्ट झांकी को सभी दर्शकों द्वारा सराहा गया व सभी अन्य विभाग की झांकियों को देखते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मुख्यतिथि द्वारा संस्थान के प्रधानाचार्य, अश्वनी कुमार व उपस्थित स्टाफ सदस्यों को विजय चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य, अश्वनी कुमार ने बताया कि झांकी की तैयारियां पिछले एक सप्ताह से की गई थी, जिसमें संस्थान के विभिन्न व्यवसायों की कला का प्रदर्शन छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया और भविष्य में राजकीय आईटीआई, सढ़ौरा द्वारा इसी प्रकार विभिन्न प्रोग्रामों में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे। साथ ही इस राष्ट्रीय पर्व पर इस संस्थान के कर्मठ कर्मचारी पंकज सैनी व रघुबीर सिंह को मुख्यतिथि द्वारा प्रशांसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त इस संस्थान के कर्मचारी आकाश व प्रदीप कुमार को अपनी विशेष सेवाओं हेतू प्रशंसा पत्र जारी करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को शुभकामनाऐं दी। झांकी को तैयार करने में संस्थान के कर्मचारियों पवन कुमार, वर्ग अनुदेशक, जयभगवान, कारपेंटर अनुदेशक, कुलविन्द्र सिंह, पेंटर अनुदेशक व विकास कुमार, वेल्डर अनुदेशक की अहम भूमिका रही।

# R-Day programme held



**PREETI SAINI**
**SADHAURA, JAN 29**

Like every year, on the auspicious occasion of Republic Day, a programme was organised at sub-divisional level in the presence of Jaspal Singh Gill, Sub-Divisional Officer, Bilaspur, on the premises of Government Adarsh Senior Secondary School, Bilaspur. Cultural programmes were shown by various schools and colleges in this programme and after that tableaus were presented by various departments to show the specialties and glimpses of their respective departments.

Government ITI, Sadhaura also participated in this tableau competition and the students of the institute presented tableaux prepared by themselves of their respective businesses and this tableau was completely displayed with live practical. Therefore, this excellent tableau was appreciated by all the audience and got the first position considering all the tableaus of other departments. The main message of this tableau presentation was on

"Get industrial training, remove unemployment". In this way, the Principal of the Institute, Ashwani Kumar and the present staff members were honoured by the Chief Guest of the Republic Day programme by giving victory symbols.

Principal, Ashwani Kumar said that the preparations for the tableau were done for the last one week, in which the art of various professions of the institute was presented by the students and in future Government ITI, Sadhaura will participate in similar programmes.

Hard working employees Pankaj Saini and Raghubir Singh were honoured by the chief guest with letters of appreciation. Apart from this, Akash and Pradeep Kumar, employees of this institute, were honoured by issuing letters of appreciation for their special services.

On this occasion, the Principal congratulated all the staff members on receiving this first prize and extended best wishes to all the honored employees.

# आईटीआई में हुई खेलकूद प्रतियोगिता, विवेक व महक ने लगाई सबसे तेज दौड़

साढौरा। राजकीय आईटीआई सढ़ौरा में संस्थान स्तर पर छात्र-छात्राओं के मध्य खेलकूद



प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार द्वारा किया गया और उसके पश्चात खेल प्रतियोगिताओं का पूर्ण संचालन पवन कुमार, वरिष्ठ वर्ग अनुदेशक द्वारा किया गया। संस्थान स्तर पर आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्रों के मध्य वॉलीवॉल, खो-खो, बैडमिंटन, रस्सा-कसी, सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिताएँ शामिल थीं तथा छात्राओं के मध्य खो-खो, बैडमिंटन, रस्सा-कसी, सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। लडको की दौड़ में विवेक ने पहला स्थान प्राप्त किया,गुरविंदर ने दूसरा तथा जितेंद्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लडकियों की दौड़ में महक ने पहला, मिटो ने दूसरा ,कविता वा सीमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में लडको के वर्ग में गुरविंदर सिंह वा उनकी टीम जीती, लडकियों में एकता देवी वा रिंकी की टीम विजेता बनी। खो खो की लड़कियों की प्रतियोगिता में कीर्ति की टीम जीती लडको में नीरज की टीम जीती। रस्सा कसी के लडको के मुकाबले में प्रभजोत सिंह की टीम जीती वही लडकियों में शिवानी की टीम जीती । इन प्रतियोगिताओं में संस्थान के वर्ग अनुदेशक स्टाफ सदस्य रविन्द्र कुमार, कर्ण सिंह, सतीश कुमार, अरविन्द कुमार तथा अनुदेशकगण स्टाफ सदस्य कुलविन्दर, रविन्द्र, प्रदीप कुमार, रतन सिंह, श्रीमति रानी देवी, श्रीमति मधु सैनी, सुनील कुमार, जोनी सिंह, गुरदेव सिंह व अन्य सभी सदस्यों ने गेम कॉडीर्नेटर व निर्णायक के तौर पर अपनी-अपनी भूमिका निभाई। जल-पान व अन्य व्यवस्थाओं हेतू श्री पंकज सैनी व अनिल कुमार द्वारा विशेष भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं के लिए संस्थान स्तर पर जल-पान की विशेष व्यवस्था की गई। सभी प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कृत करने हेतू फाइनल लिस्ट तैयार की गई और इन प्रतिभागियों को आगामी कार्यदिवस पर मैडल प्रदान करते हुए सम्मानित किया जायेगा। संस्थान के प्रधानाचार्य शअश्वनी कुमार व वरिष्ठ वर्ग अनुदेशक श्री पवन कुमार द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों व विजेता टीमों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा सभी स्टाफ सदस्यों के सहयोग हेतू आभार प्रकट किया। साथ ही संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान स्तर पर आयोजित इस प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागरूक होती है और छात्र-छात्राओं को अपने अन्दर छुपी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। भविष्य में इस प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रति वर्ष मार्च माह में करवाया जायेगा।

यमुनानगर भास्कर 08-04-2023

# विवेक व महक ने लगाई सबसे तेज दौड़

## राजकीय आईटीआई में हुई खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दम

भास्कर न्यूज़ | साढौरा

राजकीय आईटीआई साढौरा में संस्थान स्तर पर छात्र-छात्राओं के मध्य खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार द्वारा किया गया और उसके पश्चात खेल प्रतियोगिताओं का संचालन पवन कुमार, वरिष्ठ वर्ग अनुदेशक द्वारा किया गया। संस्थान स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिताओं में छात्रों के मध्य वॉलीवॉल, खो-खो, बैडमिंटन, रस्सा-कसी, 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं शामिल थीं। छात्राओं के मध्य खो-खो, बैडमिंटन, रस्सा-कसी, 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं शामिल रहीं।

लड़कों की दौड़ में विवेक ने पहला, गुरविंदर ने दूसरा तथा जितेंद्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की दौड़ में महक ने पहला, मिटो ने दूसरा, कविता व सीमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



साढौरा| खेल प्रतियोगता में भाग लेतीं छात्राएं।

बैडमिंटन में लड़कों के वर्ग में गुरविंदर सिंह व उनकी टीम जीती, लड़कियों में एकता देवी व रिंकी की टीम विजेता बनी। खो-खो की लड़कियों की प्रतियोगिता में कीर्ति की टीम जीती लड़कों में नीरज की टीम जीती। रस्सा कसी के लड़कों के मुकाबले में प्रभजोत सिंह की टीम जीती, वहीं लड़कियों में शिवानी की टीम जीती। इन प्रतियोगिताओं में संस्थान के वर्ग अनुदेशक स्टाफ सदस्य रविन्द्र कुमार, कर्ण सिंह, सतीश कुमार, अरविन्द कुमार तथा अनुदेशकगण स्टाफ सदस्य कुलविन्दर, रविन्द्र, प्रदीप कुमार, रतन सिंह, रानी देवी, मधु सैनी, सुनील कुमार, जोनी सिंह, गुरदेव सिंह व अन्य सभी सदस्यों ने गेम कोऑर्डिनेटर व निर्णायक के तौर पर अपनी-अपनी भूमिका निभाई। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार व वरिष्ठ वर्ग अनुदेशक पवन कुमार द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों व विजेता टीमों को बधाई व शुभकामनाएं दी गईं।

# रस्साकशी में प्रभजोत शिवानी की टीम प्रथम

## राजकीय आईटीआई में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**साढौरा।** कस्बा की राजकीय आईटीआई में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। आईटीआई के प्रिंसिपल अश्वनी कुमार ने इसका शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में अपना दमखम दिखाया। संस्थान स्तर पर आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान वालीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, रस्साकशी व 100 मीटर दौड़ हुई।

राजकीय आईटीआई में आयोजित लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में महक सबसे तेज दौड़ी। उन्होंने दौड़ में पहला स्थान प्राप्त किया। इसी तरह छात्रा मित्तों प्रथम आने से महज कुछ सेकेंड ही पीछे रह गई। वह प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही। इसी प्रतियोगिता में कविता व सीमा ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पाया। वहीं लड़कों की 100 मीटर दौड़ में विवेक ने सबसे तेज दौड़ते हुए पहला स्थान पाया।

छात्र गुरविंद्र ने दूसरा तथा जतिन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों की वालीबॉल में कप्तान शुभम की टीम, खो-खो में कप्तान नीरज की टीम तथा रस्साकशी में कप्तान प्रभजोत सिंह की टीम प्रथम रही।

उधर बैडमिंटन में गुरविंद्र व गुलशन की टीम प्रथम रही। लड़कियों की खो-खो में कप्तान कीर्ति की टीम तथा रस्साकशी में कप्तान शिवानी की टीम प्रथम रही। बैडमिंटन में एकता व रिंकी की टीम प्रथम स्थान पर रही।



साढौरा के राजकीय आईटीआई में लड़कियां रस्साकशी में जोर आजमाइश करतीं। संवाद



रस्साकशी में जोर आजमाइश करते छात्र। संवाद

### खेलों से भाईचारे को मिलता है बढ़ावा : अश्विनी कुमार

आईटीआई के प्रिंसिपल अश्विनी कुमार ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना पनपती है। विद्यार्थियों को अपने अंदर छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का भी मौका मिलता है। भविष्य में इस प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिवर्ष मार्च माह में करवाया जाएगा। खेल प्रतियोगिताओं का संचालन पवन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर रविंद्र, कर्ण सिंह, सतीश, अरविंद, कुलविंद्र, प्रदीप, रानी देवी, मधु सैनी व जोनी सिंह भी मौजूद रहे।

# Sports competitions organised



**PREETI RANI**

**SADHAURA:** In Government ITI Sadhaura, sports competitions were organized among the students at the institute level. Which was inaugurated by the Principal of the institute Ashwani Kumar and after that the sports competitions were completely conducted by Pawan Kumar, Senior Class Instructor. In this sports competitions organized at the institute level, volleyball, kho-kho, badminton, tug-of-war, 100 meter race competitions were included among the boys and kho-kho, badminton, tug-of-war, 100 meter race competitions were included among the girl students. Final list was prepared to reward the winners in all the competitions and these participants will be honored by giving medals on the next working day. Institute's Principal Ashwani Kumar and Senior Class Instructor Mr. Pawan Kumar congratulated and congratulated all the winning participants and winning teams and expressed gratitude for the cooperation of all the staff members.

# आईटीआई देश में चौथे प्रदेश में दूसरे स्थान पर

## राष्ट्रीय स्तर की तृतीय फेस की ग्रेडिंग में 10 में से 9.5 स्कोर प्राप्त किए

संवाद न्यूज एजेंसी

**साढौरा।** कौशल विकास एवं औद्योगिक विभाग द्वारा संचालित राजकीय आईटीआई ने राष्टीय स्तर की तृतीय फेस की ग्रेडिंग में 10 में से 9.5 स्कोर प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ श्रेणी में स्थान पाया है। इस उपलब्धि के आधार पर राजकीय आईटीआई ने प्रदेश में दूसरा स्थान पाया है। इससे पहले 2018 में राजकीय आईटीआई ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल करने के अलावा देश की समस्त आईटीआई में टॉप 10 में रहने की उपलब्धि हासिल की थी।

इस राष्ट्रीय स्तर की तृतीय फेस की ग्रेडिंग हेतु प्रशिक्षण महानिदेशालय भारत सरकार द्वारा कुल 8 मानक निर्धारित किए गए थे। जिसमें संस्थान में गत तीन वर्षों का दाखिला प्रतिशत, गत तीन वर्षों के महिला प्रशिक्षणार्थियों का दाखिला प्रतिशत, नए युग अनुसार व्यवसायों का संचालन, गत तीन वर्षों में पास प्रतिशत, गत तीन वर्षों में कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में परीक्षार्थियों का भाग लेना, गत वर्ष में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्राप्त अंको का औसत प्रतिशत जैसे कई अन्य मानक शामिल थे।




राजकीय आईटीआई।

### संस्थान में चल रहे 15 व्यावसायिक कोर्स

इस संस्थान में कुल 15 व्यावसायिक कोर्स चल रहे हैं और वे सभी एनसीवीटी प्रशिक्षण महानिदेशालय से संबंध है। पिछले पांच वर्षों का परीक्षा परिणाम औसतन 92.5 प्रतिशत रहा और पांच वर्षों का प्लेसमेंट व रोजगार औसतन लगभग 70 प्रतिशत है। बता दें साल 2000 में आईटीआई शुरू हुई थी। मौजूदा समय में यहां लगभग 650 छात्र-छात्राएं पढ़ रही हैं। इनमें करीब 550 छात्र और 100 छात्राएं हैं।

“ इस ग्रेडिंग संबंधी विशेष उपलब्धि का श्रेय संस्थान के सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों की मेहनत को दिया। हरियाणा के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के नोडल अधिकारी मनोज सैनी ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

**-अश्विनी शर्मा**, प्रिंसिपल, आईटीआई साढौरा।



दैनिक भास्कर
यमुनानगर भास्कर 05-05-2023

# तृतीय फेस की ग्रेडिंग में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा साढौरा आईटीआई

साढौरा | राजकीय आईटीआई साढौरा के प्रिंसिपल अश्विनी शर्मा ने बताया कि संस्थान ने राष्ट्रीय स्तर की तृतीय फेस की ग्रेडिंग में 10 में से 9.5 स्कोर प्राप्त किया है। प्रदेश की सभी आईटीआई में द्वितीय श्रेणी में स्थान मिला है। इसके साथ ही देश की सभी आईटीआई में चतुर्थ श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है। इस राष्ट्रीय स्तर की तृतीय फेस की ग्रेडिंग के लिए प्रशिक्षण महानिदेशालय भारत सरकार द्वारा कुल आठ मानक निर्धारित किए गए थे। संस्थान में गत तीन वर्षों का दाखिला प्रतिशत, गत तीन वर्षों के महिला प्रशिक्षणार्थियों का दाखिला प्रतिशता, नए युग अनुसार व्यवसायों का संचालन, गत तीन वर्षों में पास प्रतिशतता व अन्य मानक रहे।

# NEWS BRIEFS

## ITI Sadhaura secures 9.5 out of 10 score at national level




**PREETI SAINI**

**SADHAURA:** ITI Sadhaura of the Department of Skill Development and Industrial Training, Haryana, for the academic session 2023-24, State has secured 9.5 out of 10 score in national level third phase grading and has secured second rank among all ITIs across the state. Along with this, it has secured the fourth rank among all ITIs across the country. A total of 8 standards were set by the Directorate General of Training, Government of India for the grading of the third phase of this national level, in which the percentage of admission in the institute for the last three years, the percentage of women trainees admitted in the last three years, operation of businesses according to the new era, Pass percentage in last three years, participation of examinees in computer based examination in last three years, average percentage of marks obtained by trainees in last year, percentage of trainees admitted under dual system of training against total trainees admitted in the institute, institute included the percentage of SC/ST/PWD trainees admitted against the total trainees admitted. This is the second time when Government ITI Sadhaura has achieved such a big achievement by securing marks in all the standards. However, in the year 2018, Government ITI Sadhaura got the first position among all ITIs across the state.

# National Technology Day-2023 celebrated

**PREETI SAINI**

**SADHAURA:** As per the instructions of the Haryana State Council of Science, Innovation and Technology, Haryana, Panchkula, National Technology Day-2023 was celebrated with pomp today at Government Industrial Training Institute Sadhaura in In which quiz competition, speech competition, poster making competition and stage competition were organised among the trainees of the institute according to the outline of the programme. The participants who came first, second and third in these competitions were awarded by Ramesh Chand Thaska, Chairman, Zilla Parishad, invited as the chief guest of the programme in the presence of the Principal of the institute, Shalini Sharma as a special guest. In Speech Competition Rinku, Shalu, Poster Competition, Gurvinder Singh, Pallavi, Simran, Sourav and Gurmeet, Ankit and Deepak, Shiva, Rahul, Mitto, Kavita, Babita won. Manoj Saini, Assistant Director (Technical) of Skill Development and Industrial Training Department, Haryana, Panchkula was invited as Resource Person. During the programme, Pawan Kumar, senior class instructor of the institute, played his role as programme coordinator and stage director. Along with stating the importance of National Technology Day, fully conducted this programme. Principal of the institute, Ashwani Kumar welcomed the invited chief guest and all the distinguished guests on their arrival at the programme. Apart from this, all the participants of the program and all the staff members who contributed to make the program successful were rewarded and appreciated.



# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की भाषण प्रतियोगिता में शालू अव्वल



आइटीआइ मे आयोजित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। • जागरण

संवाद सहयोगी, साढौराः राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय आइटीआइ में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कोपा ए ट्रेड की शालू ने पहला स्थान पाया। जबकि विद्युतकार ट्रेड की रिंकू दूसरे तथा कोपा बी की शालू तीसरे स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में डीएमएम ट्रेड के गुरविंद्र सिंह ने पहला, हिंदी स्टैनो की पल्लवी ने दूसरा तथा हिंदी स्टैनो की सिमरन ने तीसरा स्थान पाया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मशीनिष्ट के सौरव व गुरमीत ने पहला, विद्युतकार के अंकित व दीपक ने दूसरा तथा डीएमएम के शिवम व टर्नर के राहुल ने तीसरा स्थान पाया। मंच प्रतियोगिता में हिंदी स्टैनो की मित्तो ने पहला, कोपा ए की कविता ने दूसरा तथा ड्रैस मेकिंग की बबीता ने तीसरा स्थान पाया। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के सहायक निदेशक मनोज सैनी ने वर्तमान समय में तकनीक की महत्ता बारे बताया। जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश ठसका ने मुख्य अतिथि के तौर पर इस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान नगरपालिका की चेयरपर्सन शालिनी शर्मा, प्रधानाचार्य अश्वनी व राहुल देव मोनू भी उपस्थित रहे।

# भाषण में शालू, पोस्टर मेकिंग में गुरविंद्र प्रथम



**साढौरा।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय आईटीआई साढौरा में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें कोपा ए ट्रेड की शालू ने पहला स्थान पाया। जबकि विद्युतकार ट्रेड सेरिंकू दूसरे व कोपा बी ट्रेड से शालू तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग में डीएमएम ट्रेड से गुरविंद्र सिंह पहला, हिंदी स्टेनो ट्रेड से पल्लवी दूसरे व हिंदी स्टेनो ट्रेड से सिमरन तीसरे स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी में मशीनिस्ट ट्रेड से सौरव व गुरमीत पहले, विद्युतकार ट्रेड से अंकित व दीपक दूसरे व डीएमएम ट्रेड से शिवम व टर्नर ट्रेड के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। मंच प्रतियोगिता में हिंदी स्टेनो ट्रेड से मित्तो पहले, कोपा ए ट्रेड से कविता दूसरे तथा ड्रेस मेकिंग ट्रेड से बबीता तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के सहायक निदेशक मनोज सैनी ने वर्तमान समय में तकनीक की महत्ता बारे बताया। जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश ठसका बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे और विजेताओं को पुरस्कृत किया। मौके पर नगर पालिका साढौरा अध्यक्ष शालिनी शर्मा, प्रधानाचार्य अश्वनी व राहुल देव मोनू व अन्य मौजूद रहे। संवाद

दैनिक भास्कर

यमुनानगर भास्कर 12-05-2023

# प्रश्नोत्तरी में सौरभ व गुरमीत की टीम रही अव्वल

## आईटीआई में हरियाणा सरकार के साइंस एवं तकनीकी विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय तकनीकी दिवस मनाया

भास्कर न्यूज़ | साढौरा

आईटीआई में हरियाणा सरकार के साइंस एवं तकनीकी विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय तकनीकी दिवस मनाया गया। पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। जिला परिषद चेयरमैन रमेश ठस्का मुख्य अतिथि रहे। नगरपालिका चेयरपर्सन शालिनी शर्मा ने विशेष अतिथि रहीं। विभाग के सहायक निदेशक मनोज सैनी भी मौजूद रहे।

सहायक निदेशक सैनी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान उपलब्ध करवाना है। प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का आभार जताया। पोस्टर मेकिंग में गुरविंद्र सिंह प्रथम, पल्लवी द्वितीय व सिमरन तृतीय रही। भाषण में शालू प्रथम, रिंकू द्वितीय, शालू तृतीय। प्रश्नोत्तरी में सौरभ व गुरमीत प्रथम, अंकित व दीपक द्वितीय, शिवम व राहुल की टीम तृतीय स्थान पर रही। कल्चर इवेंट्स में प्रथम स्थान पर मीतू, दूसरे स्थान पर कविता व तीसरे स्थान पर बबीता रही। विजेताओं को मुख्यअतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



साढौरा| छात्र- छात्राओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व प्रधानचार्य।

# World Environment Day celebrates

**SADHAURA (PREETI RANI)-** On the occasion of World Environment Day a program of plantation was organized by the Forest Department in Government ITI on the occasion of World Environment Day. Chief Guest of this program DFO Rajesh Mathur, Range Officer Sadhaura Krishna Kumar, Sanjeev Kashyap Forest Officer Jagadhari, Dinesh Punia Forest Officer Chhachhrauli, Forest Officer Kalesar Kuldeep Singh were present.



Chief Guest Forest Officer DFO Rajesh Mathur told that every year World Environment Day was celebrated on the occasion of plantation. We get many benefits from the environment from this Forest Department, Forest Inspector Man Singh, Kamal Saini, Forest Guard Sonu, Forest Guard Deepak, Pradeep, Ajay etc. participated in this program and Government ITI Staff Pawan Kumar GI , Ravindra Kumar GI, Arvind Kumar, Satish Kumar, Pankaj, Rinku, Tarsem, Pradeep Pannu, Mangaram, Ravindra Kumar, Johnny, Jaydev, Sukhwinder, Anil Kumar, Lalit, Kopa Rajindra, Irfan etc. staff members were present.